विद्या - भवन बालिका विद्यापीठ, लखीसराय

वर्ग - प्रथम **विषय - हिंदी**

एन.सी.ई.आर.टी पर आधारित

दिनांक - 18 - 10- 2021

वर्ण और वर्णमाला

सुप्रभात बच्चों ,

आज की कक्षा में आपको वर्ण और वर्णमाला के बारे में अध्ययन करना है जो इस प्रकार है-



वर्ण – Letters

वर्ण सार्थक ध्वनियों को कहा जाता है।

ह् + आ + थ् + ई
हाथी

श् + इ + क् + आ + र् + ई
शिकारी

शब्द	ध्वनियाँ
हाथी	ह् + आ + थ् + ई
शिकारी	श् + इ + क् + आ + र् + ई

- ऊपर दिए गए शब्द सार्थक ध्वनियों से मिलकर बने हैं।
- इन ध्वनियों के और टुकड़े नहीं किए जा सकते हैं।
- ये ध्वनियाँ अपने लिखित रूप में *वर्ण* या *अक्षर* कहलाती हैं।

वह मूल ध्वनि जिसके टुकड़े नहीं हो सकते, *वर्ण* या *अक्षर* कहलाती है।

वर्णों के दो भेद हैं–

वर्ण

स्वर | व्यंजन

स्वर - Vowels

जो वर्ण किसी अन्य ध्वनि की सहायता के बिना बोले जाते हैं, उन्हें *स्वर* कहते हैं।



अ	आ	इ	ई	उ
ऊ	ऋ	ए	ऐ	ओ
औ				

हिंदी में ग्यारह [11] स्वर-वर्ण होते हैं।

व्यंजन - Consonants

जिन वर्णों को बोलते समय स्वरों की सहायता ली जाती है, उन्हें *व्यंजन* कहते हैं।

कवर्ग –	क	ख	ग	घ	ङ	स्पर्श (25)
चवर्ग –	च	छ	ज	झ	ञ	
टवर्ग –	ट	ठ	ड	ढ	ण	
तवर्ग –	त	थ	द	ध	न	
पवर्ग –	प	फ	ब	भ	म	
	य	र	ल	व		अंत:स्थ (4)
	श	ष	स	ह		ऊष्म (4)

अतिरिक्त व्यंजन
ड़ ढ़

- अं तथा अ: न तो स्वर हैं और न ही व्यंजन। इन्हें *अयोगवाह* कहते हैं।
- क्ष त्र ज्ञ श्र संयुक्त व्यंजन हैं।

क्+ष्+अ = क्ष   त्+र्+अ = त्र   ज्+ञ्+अ = ज्ञ   श्+र्+अ = श्र

- प्रत्येक व्यंजन में 'अ' शामिल रहता है। जैसे–

क् + अ = क   स् + अ = स   ह् + अ = ह

वर्णमाला - The Alphabet

वर्णों के क्रमबद्ध समूह को *वर्णमाला* कहते हैं।

हिंदी वर्णमाला में कुल इक्यावन [44] वर्ण सम्मिलित हैं।

गृहकार्य :-

दिए , गए अध्ययन सामग्री को पूरे मनोयोग से पढ़ें तथा समझने का प्रयास करें-

****

ज्योति